**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**

पत्रांक– BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 07/07/2025

प्रेषक,

सरवणन एम. भा प्र से
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अधीक्षण अभियंता
सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार।

विषयः– विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय आँकड़ों की अद्यतन प्रविष्टि विभागीय MIS पर कराये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, नई अनुरक्षण नीति–2018, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, राज्य योजना एवं FDR के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय आँकड़ों की अद्यतन प्रविष्टि एवं प्रशासनिक स्वीकृति के बाद सभी Module की प्रविष्टि विभागीय MIS पर कराये जाने का कार्य सभी कार्य प्रमंडलों द्वारा की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में यह तथ्य सामने आया है कि कई कार्य प्रमंडलों द्वारा अपने क्षेत्राधीन कराये जा रहे कार्यो से संबंधित Technical Sanction /NIT/ Tender/Agreement/Physical Progress, Financial Progress एवं Reason of Delay की अद्यतन प्रविष्टि ससमय नहीं की जा रही है जिसके फलस्वरूप विभागीय स्तर पर समीक्षा के क्रम में ऐसे कार्य प्रमंडलों के अधीन योजनाओं के वास्तविक आँकड़ों में अंतर परिलक्षित होता है। इस संबंध में निम्नवत् आदेश निर्गत किये जाते है।

1. पूर्व से स्वीकृत योजनाओं का Data MIS पर पूर्व रूपेण प्रविष्ट किया जाए।
2. माह जूलाई 2025 के संबंध में यह निदेश दिया जाता है कि दिनांक–18.07.2025 के अपराह्न 5 बजे तक सभी कार्य प्रमंडल अपने क्षेत्राधीन आँकड़ों को MIS पर अद्यतन कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. दिनांक–19.07.2025 को अद्यतन की गई आँकड़ों की जॉच मुख्यालय के IT Manager (Chandan kumar Sodhi) द्वारा की जाऐगी।
4. अद्यतन की गई प्रविष्टि में कोई Data Mixing रहने/त्रुटि रहने पर संबंधित कार्य प्रमंडल के Assistant IT Manager / Assistant Account Manager का माह जूलाई का वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा।

   सभी कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रमंडलाधीन Assistant IT Manager / Assistant Account Manager द्वारा पूर्ण रूप से प्रविष्टि की गई है। यदि समीक्षा के क्रम में की गई प्रविष्टि में कोई त्रुटि पाये जाने पर संबंधित कार्यपालक अभियंता इसके दोषी माने जाऐगे एवं इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाऐगी।
5. प्रत्येक माह के 25 तारीक तक सभी कार्यपालक अभियंता, Assistant IT Manager एवं Assistant Account Manager के उपस्थिति प्रतिवेदन के साथ–साथ यह भी Certificate संलग्न करेगे कि उनके कार्यप्रमंडलाधीन सभी आँकड़ों MIS पर अद्यतन कर लिया गया है।
6. प्रत्येक माह के 26 तारीख तक अद्यतन की गई आँकड़ों की जॉच मुख्यालय के IT Manager (Chandan Kumar Sodhi) के द्वारा की जाऐगी एवं प्रतिवेदन संबंधित Nodal officer को दिया जाऐगा। समीक्षा में Data Mixing रहने/त्रुटि रहने पर संबंधित कार्यप्रमंडल के Assistant IT Manager/ Assistant Account Manager का उस माह का वेतन भुगतान नहीं किया जाऐगा।

7. सभी मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, अपने क्षेत्राधीन प्रत्येक माह अपने स्तर से इसका अनुश्रवण करेगे।

इसे सर्वोच्य प्राथमिकता दिया जाए।

विश्वासभाजन

07/07/25

( सरवणन एम. )

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 7/7/25

प्रतिलिपिः– सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/07/25

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 7/7/25

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/07/25

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 7/7/25

प्रतिलिपिः– सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव को अवलोकनार्थ प्रेषित।

07/07/25

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 7/7/25

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव ब्राडा, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/07/25

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग

BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 7/7/25

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

07/07/25

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग

BRRDA(HQ)MMGSY-NDB-271/23 1589 पटना, दिनांक– 7/7/25

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/07/25

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग